ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 13-12-2024

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2024-12-13 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2024-12-14	2024-12-15	2024-12-16	2024-12-17	2024-12-18
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	25.0	24.0	25.0	26.0	25.0
न्यूनतम तापमान(से.)	9.0	9.0	8.0	9.0	10.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	8	6	8	9	8
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	18	13	15	21	15
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	12	11	10	14	13
पवन दिशा (डिग्री)	48	68	67	34	45
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	0	0	0	0

मौसम सारांश / चेतावनी:

आने वाले दिनों में मौसम शुष्क रहने की संभावना। अधिकतम तापमान 24.0 से 26.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 08.0 से 10.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना। हवा की गति 10-14 किमी/घंटा रहने की संभावना है।

सामान्य सलाहकार:

रात का तापमान सामान्य से कम रहने की संभावना हैं I अधिकतम तापमान 24.0 से 26.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 08.0 से 10.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना। हवा की गति 10-14 किमी/घंटा रहने की संभावना है।

लघु संदेश सलाहकार:

किसान भाई खरपतवार नियंत्रण व फसल की अच्छी वृद्धि के लिए मैथी, ईसबगोल, सरसों व चने की फसल में निराई गुडाई करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
सरसों	तापमान में कमी होने पर सरसों की फसल में सफेद रोली रोग की लगातार निगरानी करें। सफेद रोली रोग से फसल बुवाई के 50 से 60 दिन बाद या दिसंबर माह में पतियों की निचली सतह पर सफेद रंग के ऊभरे हुए फफोले दिखाई देते है। फफोलो की ऊपरी सतह पर पतियों पर पीले रंग के धबे दिखाई देते है। इसकी रोकथाम के लिए प्रथम छिड़काव मेटालेक्सिल 0.2 प्रतिशत (2 ग्राम प्रति लीटर पानी की दर) का घोल बनाकर छिड़काव करे।
गेहूँ	किसानों को सलाह दी जाती है कि समय से बोई गई गेहूं की फसल में पहली सिंचाई बुआई के 21 दिन बाद करें तथा नाइट्रो जन की 30 प्रतिशत मात्रा (55-65 कि.ग्रा. यूरिया/हेक्टेयर) भी सिंचाई के समय डालें।

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
रेंड़ी	मौसम की परिस्थितियाँ अनुकूल होने के कारण अरंडी की फसल में सफ़ेद मक्खी का तीव्र प्रकोप होने की संभावना हैं अतः किसान भाइयों को सलाह दी जाती हैं कि कीट के प्रभावी नियंत्रण के लिये पीले चिपकने वाले ट्रैप का प्रयोग करें तथा कीट की संख्या आर्थिक देहली स्तर से अधिक होने के पर ट्रा ईजोंफ़ॉ जों स 2.5 मिलीलीटर /लीटर पानी की दर से साफ़ मौसम में छिड़काव करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
जीरा	जीरे की फसल में खरपतवार नियंत्रण के लिए ऑक्साडाईरजिल या ऑक्सीफ्लोरफेन 50 ग्राम प्रति हैक्टेयर की दर से बुवाई के 20 दिन बाद छिडकाव करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	रात के तापमान में कमी की संभावना को देखते हुए पशुओं को बाहर की ठंडी हवा से बचाने के लिए रात के समय शेड में रखें, उन्हें ताजा/गुनगुना पानी दें। रात के समय जूट की बोरी से बने कपड़े पशुओं के शरीर पर रखें। पशुओं को दिन में धूप में रखें।